प्रेस विज्ञप्ति

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत राज्य एवं जनपद स्तर पर संविदा के विभिन्न 62 पदो के सापेक्ष 1984 रिक्तियो पर भर्ती हेतु दिनांक 09.09.2018 को लिखित परीक्षा 08 मण्डलों में सम्पादित की गयी। उक्त परीक्षा भारत सरकार द्वारा नामित एजेन्सी मै0 किटको द्वारा सम्पन्न करायी गयी थी, जिसका चयन विधिवत् ई–टेन्डरिंग के माध्यम से किया गया था। लिखित परीक्षा हेतु 59424 अभ्यर्थी सम्मिलित हुये थे।

इस परीक्षा को पारदर्शी रखने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा उत्तर पुस्तिका में 03 प्रति वाली ओ0एम0आर0 शीट की व्यवस्था की गयी। जिसमें प्रथम (मूल कॉपी) ओ0एम0आर0 शीट एंजेसी, द्वितीय प्रति (ऑफिस कॉपी) एंव तृतीय शीट परीक्षार्थियों को प्रदान की गयी। द्वितीय प्रति (ऑफिस कॉपी) को सीलबंद बक्से में संबधित मण्डल की ट्रेजरी, जिलाधिकारी कार्यालय में नियमानुसार रक्षित किया गया। परीक्षा की शुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए जिलों के स्थान पर मण्डल में परीक्षा संम्पन्न करायी गयी। परीक्षा प्रक्रिया का जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम के द्वारा पर्यवेक्षण भी सुनिश्चित किया गया।

एजेन्सी द्वारा उक्त परीक्षा का परिणाम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 को उपलब्ध कराये जाने पर परीक्षा परिणाम की शुद्धता जानने हेतु प्राप्त परीक्षा परिणाम का ट्रेजरी में रक्षित द्वितीय (ऑफिस कॉपी) ओ0एम0आर0 शीट के द्वारा भौतिक सत्यापन कराया गया जिसमें घोर विसंगति पायी गयी। जिससे यह स्पष्ट हुआ है कि एजेन्सी द्वारा परीक्षा परिणाम प्रक्रिया को दूषित किया गया है अतः उक्त परीक्षा को निरस्त कर दिया गया है एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा मै0 किटको लि0 को ब्लैकलिस्ट करने हेतु भारत सरकार से अनुरोध करने के साथ ही अन्य समस्त कार्यवाही भी की जा रही है।

उक्त प्रकरण में मै0 किटको के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करायी जा रही है।

तत्क्रम में परीक्षा की सम्पूर्ण प्रकिया पुनः करायी जायेगी।